आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 29.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 12 हजार 8 सौ 50 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।
- देशभर में आज विभिन्न स्थानों पर रोजगार मेलो में 51 हजार से ज्यादा नव चयनित युवाओं को दिये जायेंगे नियुक्ति पत्र–जयपुर और जोधपुर में भी लगाये जा रहे है रोजगार मेले।
- लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आज प्रदेशभर में रन फोर यूनिटी का आयोजन–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया।
- धनतेरस के साथ आज दीपोत्सव की शुरूआत–बाजारों में सुबह से उत्साह और खरीदारी का माहौल।

..................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज धन्वंतरि जयंती और नवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली से स्वास्थ्य संबंधी लगभग 12 हजार 8 सौ 50 करोड़ रुपये लागत वाली परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे आयुष्मांन भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को शामिल करने की योजना का शुभारंभ भी करेंगे। इससे सभी आयु वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी।
स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री कई स्वास्थ्य संस्थानों का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्‌घाटन भी करेंगे। इस चरण में एक पंचकर्म अस्पताल, दवा निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फार्मेसी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्ट–अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला एक अस्पताल शामिल हैं।
प्रधानमंत्री यू–विन पोर्टल की भी शुरुआत करेंगे। इससे टीकाकरण प्रक्रिया डिजिटल बनेगी जिससे गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को **फायदा** होगा। प्रधानमंत्री संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा संस्थानों के लिए भी एक पोर्टल शुरु करेंगे। यह मौजूदा स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और संस्थानों के लिए केंद्रीकृत डेटाबेस होगा।
इधर प्रदेश में भी आज विभिन्न स्थानों पर कई स्थ्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत होने जा रही है।
मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इफ्रास्ट्रेक्चर मिशन के तहत क्रिटिकल ब्लॉक्स के शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली इसका शिलान्यास करेंगे। इसी तरह चित्तौडगढ के राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअली किया जायेगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, सांसद सी पी जोशी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

..............................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये 51 हजार से ज्यादा नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला देशभर के 40 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल के जरिए बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। इस पोर्टल पर 14 सौ से अधिक ई–लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे है।
जयपुर में ये मेला सी–स्कीम स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानून और न्याय मंत्री तथा केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे। उधर जोधपुर के जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि होंगे।

.................................

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की जांच में 11 नामांकन पत्र रद्द किये गये है। कल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद ही इन सीटों पर उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। गौरतलब है कि इन सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले मतदान का नतीजा 23 नवंबर को आयेगा।

................................

राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 28 अधिकारियों के तबादले कर दिये है। कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति में बताया गया कि सहायक कलेक्टर जयपुर द्वितीय के पद पर गौरव बाकावत को लगाया गया है। वहीं मुक्ताराव को सहायक भू–प्रबंध अधिकारी जयपुर प्रथम के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। इसी तरह गौरव बेजाड को संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग में लगाया गया है जबकि महिपाल सिंह को राजस्व विभाग में विशेषाधिकारी नियुक्त किया गया है। चित्तौडगढ, धौलपुर, ब्यावर, फलौदी के अतिरिक्त जिला कलेक्टर भी बदले गये है।

.............................

लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश सहित देशभर में रन फोर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा हैं। हर साल 31 अक्टूबर को होने वाली ये दौड इस बार दीपावली के चलते दो दिन पहले आयोजित की जा रही है। इस दौड़ में देशभर के युवा, खिलाडियों और प्रसिद्ध हस्तियों के साथ केन्द्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी में गृहमंत्री अमित शाह के साथ हिस्सा लिया। जयपुर के अमर जवान ज्योति से आयोजित दौड़ में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और खेल मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, खिलाडी और बडी संख्या में युवा मौजूद रहे। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल का राष्ट्रीय एकता में योगदान याद किया।

................................

प्रदेशभर में भी आयोजित रन फोर यूनिटी में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। हनुमानगढ़ के राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित दौड में खेल अधिकारी शमशेर सिंह के नेतृत्व में लोगों ने दौड़ लगाई।

..............................

पांच दिवसीय दीपोत्सव की आज से विधिवत शुरूआत हो गई है। पहले दिन आज धनतेरस का त्यौहार मनाया जा रहा है। धनतेरस को आरोग्य के देवता भगवान धनन्वतरी से जोडा गया है। इस अवसर पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा कर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की जाएगी। इसके साथ ही धन के देवता कुबेर की भी परम्परागत रूप से पूजा अर्चना की जाएगी। आयुर्वेद औषधालयों में पूजा–अर्चना के बाद वैद्यों का सम्मान किया जाएगा। धनतेरस पर बरतन, आभूषण और खरीदारी का विशेष महत्व माना गया है। इसे देखे हुए आज बाजार सुबह जल्दी ही खुल गये है। दिनभर खरीदारी का दौर बने रहने की उम्मीद है। धनतेरस से दीपावली की रोशनी भी शुरू हो रही है। जयपुर में चार दीवारी के सभी बाजारों सहित बाहरी कॉलोनियों और शॉपिंग मॉल्स में भी विशेष सजावट की गई है जो देखते ही बन रही है। कल रूप चौदस और नरक चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जायेगा। इसे छोटी दिपावली भी कहते है। इस बार अमावस तिथि दो दिन बनी रहने के चलते कुछ लोग दीपावली का त्यौंहार 31 अक्टूबर के साथ ही अगले दिन भी मनायेंगे। इधर दीपावली पर पटाखे खरीदने और चलाने को लेकर भी लोगों में उत्साह बना हुआ है। हालांकि सरकार द्वारा कम धुएं के पटाखे चलाने और ग्रीन आतिशबाजी उपयोग करने की अपील का भी व्यापक असर देखा जा रहा हैं। प्रदेशभर में भी दीपावली का उल्लास बना हुआ है। जिला मुख्यालयों पर कई जगह सामूहिक रूप से सजावट की गई है।

...................................